भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता: लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली-110002

वेबसाइट: www.bsgindia.org ईमेल आईडी: info@bsgindia.org दूरभाष: +91-11-23370724, 23378667

प्रति
समस्त राज्य सचिव,
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 29 /2020
दिनॉक : 18 मार्च 2020

विषय: जोटी-विशेष संस्करण 3 से 5 अप्रेल, 2020 के साथ घर से स्काउटिंग।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि, कई देशों में युवा आज कोविड-19 के कारण घर एवं अपने स्थानीय समुदायों में चुनौतियों का सामना कर रहे है। उनकी औपचारिक शिक्षा, जहाँ से वे उसे प्राप्त करते है, इस महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। आशा है कि आप सभी इसमें प्रतिभाग कर इसे समझेंगे।

यूनेस्को से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज तक 85 देशों में 776.7 मिलियन वच्चों और युवाओं को प्रभावित पाकर देश भर के स्कूलों को बन्द कर दिया गया है।

इस चुनौतीपूर्ण समय में, 171 राष्ट्रीय स्काउट संगठनों के संयुक्त आन्दोलन के रुप में हमें उस प्रतिज्ञा को पूर्ण करने की आवश्यकता है जो हमें अपने कर्तव्य का पालन करते हुए दूसरों की सहायता करने हेतु बाध्य करती है।

इस असाधारण घड़ी में जब बहुत से लोग अलग-थलग पड़े हुए है, यह हमारा दृड़ विश्बास है कि हमें चुनौती के लिए खड़े होना चाहिए और इस असाधारण विश्वव्यापी घटना का सामना करना चाहिए, जो कि देश में स्काउटिंग/गाइडिंग को हर स्तर पर एकजुट बनायेगी।

आज हम यह घोषणा करते हुए उत्साहित है कि विश्व स्काउट संगठन ने प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सबसे बड़े डिजिटल कार्यकम जम्बूरी ऑन दी इन्टरनेट (जोटी) का एक विशेष संस्करण पेश किया है। यह विशेष जोटी शैक्षिक और आनन्दप्रद होगी जिससे दुनियॉं भर के युवाओं के घरों तक स्काउटिंग पहुँचेगी। यह सामाजिक दूरी के इस चुनौतीपूर्ण समय में स्काउट्स एवं गाइड्स को एक दूसरे से जुड़ने, सीखने एवं मित्रता करने हेतु एक स्थान होगा। यह एक ऐसा जनसमूह होगा जो पूरे आन्दोलन में एकता की भावना पैदा करेगा।

डिजिटल रुप से वैश्विक नागरिकों के रुप में गतिविधियों की एक श्रंखला के माध्यम से तथा एक गतिशील आभासी कार्यकम के द्वारा युवा लोग सुरक्षा उपायों, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुझावों वेविंनार से संगीत कार्यकमों तक के बारे में सीख सकेंगे। जोटी का यह विशेष संस्करण स्काउट्स और गाइड्स को विभिन्न देशों के साथियों से जुड़ने, विशेष मेहमानों को सुनने एवं घर से स्काउटिंग के बारे में विचारों को साझा करने हेतु सक्षम बनायेगा।

ऑनलाइन प्लेटफार्म स्काउट्स और गाइड्स को एक ऐसे सहायक संसाधन, विचार एवं पहल प्रदान करेगा जिसके द्वारा स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को घर पर ही किया जा सके।

जैसा कि हम अनछुए पानी को नेविगेट करते हैं, साथ ही हम इस चुनौती को निरन्तर प्रदर्शित करने हेतु एक अवसर में बदल सकते हैं एवं साझा कर सकते हैं कि स्काउटिंग क्या है एकता, मित्रता, शिक्षा एवं संसाधनशीलता।

कमशः पृष्ट 2 पर

अतः सभी राज्य संघों से निवेदन है कि वे 3 से 5 अप्रैल 2020 तक ऑनलाइन जुड़ने हेतु इस विषय को सभी स्तरों पर संप्रेषित करें और आज इस जोटी विशेष संस्करण शब्द को प्रसारित करने हेतु हमारे स्काउट्स एवं गाइड्स को प्रोत्साहित करें।

जोटी विशेष संस्करण में कैसे प्रतिभाग करें, इस हेतु **संलग्नक** का अवलोकन करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक।

संलग्नक: उपरोक्त।

प्रतिलिपि:-

1- समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2- अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3- आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
4- आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी-15, सैक्टर-62, नोएडा-201309, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमोयत यूथ क्लब जिला संघ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।